तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

8 कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही कोई भी संगठन...



8 भगवान वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास का नींव...



खबर संक्षेप

विवाहिता से मारपीट जहर देने में पांच नामजद

जींद। गावं दुर्जनपुर में महिला से मारपीट करने तथा जहर देने पर उचाना थाना पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दुर्जनपुर निवासी राममेहर की पत्नी पूनम को गत 13 अक्टूबर को जहर के प्रभाव से नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालात देख पीजीआई रेफर कर दिया लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। पूनम ने आरोप लगाया कि ससुरालीजनों ने उसके साथ मारपीट की और जबरन जहरीला पदार्थ देकर जान से मारने की कोशिश की।

अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां गायब, केस

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किया है। नरवाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 23 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव बहादुरपुर से भी गत दिवस 17 वर्षीय युवती घर से गायब हो गई। दोनों अभिभावकों ने उन्हें तलाशा भी लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतो के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किए है। पुलिस जांच कर रही है।

युवक अवैध असलहे के साथ चढ़ा पुलिस के हत्थे

जींद। डिटेक्टिव स्टाफ ने भटनागर कालोनी अंडरपास के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। शहर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि भटनागर कालोनी अंडरपास के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान गांव पेटवाड़ हाल विजय नगर निवासी कर्मपाल के रूप में हुई। शहर थाना पुलिस ने कर्मपाल के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

नशा तस्करी का आरोपी पुलिस ने दबोचा

राजौंद। जिला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राजौंद क्षेत्र से 7.57 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजौंद निवासी मुकेश उर्फ हन्नी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना राजौंद में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार रात के समय सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि मुकेश उर्फ हन्नी नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है और किठाना मोड़ से रोहेड़ा माजरा रोड की तरफ पैदल जा रहा है।

पंचायती झोटा चोरी करने का आरोपित काबू

जींद। गांव कलौदा कलां से पंचायती झोटा चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्त ार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपित की पहचान गांव बघरा, मुजफ्फर नगर (उत्तर प्रदेश) निवासी मोहम्मद आसिफ के रूप में हुई। सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि 19 अगस्त को गांव कलौदा कलां से रात के समय पंचायती झोटा चोरी हो गया था। जिसे कुछ अज्ञात लोग एक कैंटर में चढ़ा कर चोरी करके ले गए थे। पुलिस ने सरपंच कुलदीप नैन की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद आसिफ को अदालत नरवाना से दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

सावधान! आईपीएल में सिलेक्शन के नाम पर ठग लिए 10 लाख



आरोपियों के पास से पल्सर स्कूटी वाहन भी किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

आईपीएल में सिलेक्शन करवाकर क्रिकेट करियर को आगे बढ़ाने का सपना दिखाकर गांव पाई के एक क्रिकेटर से 10 लाख रुपए ठग लिए। आरोप है कि दो लोगों ने क्रिकेटर को आईपीएल के अध्यक्ष से अच्छी जान-पहचान होने का झांसा दिया और किसी भी टीम में चयन करवाने का भरोसा दिलाया। क्रिकेटर ने उनकी बातों में आकर सितंबर 2020 में कुरुक्षेत्र में आरोपियों को 10 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद न तो उसका आईपीएल टीम में सिलेक्शन हुआ और न ही आरोपियों ने पैसे वापस किए। पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पूंडरी थाना पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पाई की रामसा पट्टी निवासी संजय ने बताया कि वह कई वर्षों से क्रिकेट खेल रहा है। वह हरियाणा की तरफ से रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेल चुका है। उसका सपना आईपीएल में खेलने का था। शिकायत के अनुसार, साल 2020 में कोरोना महामारी के कारण आईपीएल के ट्रायल नहीं होने से वह चयन को लेकर निराश था।

आरोपियों ने एक करोड़ रुपये में सिलेक्शन करवाने की कही थी बात

संजय ने बताया कि सितंबर 2020 में वह अपने गांव के अनिल के घर उसके पिता के निधन पर शोक जताने गया था। वहां प्रमोद निवासी रायसन और राजीव कुमार निवासी शेखपुरा, घरौंडा भी आए हुए थे। बातचीत के दौरान जब उन्हें संजय के क्रिकेट खेलने के बारे में पता चला तो उन्होंने आईपीएल के अध्यक्ष से अच्छी जान-पहचान होने का दावा किया। आरोपियों ने कहा कि वे उसका किसी भी आईपीएल टीम में चयन करवा सकते हैं। इसके लिए उन्होंने एक करोड़ रुपए मांगे। उसने इतनी राशि देने में असमर्थता जताते हुए 20 लाख रुपए देने की बात कही। आरोप है कि दोनों ने पहले 10 लाख रुपए देने और बाकी रकम टीम में चयन होने के बाद देने को कहा। इसके बाद सितंबर 2020 में प्रमोद ने फोन कर संजय को 10 लाख रुपये लेकर कुरुक्षेत्र आने के लिए कहा।

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में दिए रुपये

संजय ने बताया कि वह अपने साथी अनिल कुमार और गोपाल के साथ 10 लाख रुपए लेकर पैराकीट टूरिज्म के पास स्थित पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस, कुरुक्षेत्र पहुंचा। वहां प्रमोद और राजीव मिले, जिन्हें उसने रुपये दे दिए। इसके बाद वह कई बार दोनों से संपर्क करता रहा। आरोप है कि दोनों उसे आईपीएल में खिलाने का आश्वासन देते रहे, लेकिन उसका चयन नहीं करवाया और न ही रकम लौटाई। संजय ने आरोप लगाया कि जब उसने राजीव से पैसे वापस मांगे तो उसे जान से मरवाने की धमकी दी गई। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसके पास आरोपियों के साथ हुई वाट्स-एप चैट के स्क्रीनशॉट और ऑडियो रिकॉर्डिंग भी हैं, जिन्हें वह जांच के दौरान पेश कर सकता है। एएसआई राजेंद्र ने बताया कि पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद प्रमोद और राजीव कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पूंडरी मंडी से लेकर सड़कों तक खुले में पड़ा किसानों का धान

बारिश में भीगा धान, खरीदने से कतरा रहे राइस मिलर

अंकुरित होने से बढ़ा नुकसान एमएसपी से 300 से 400 रुपये कम पर बिक रहा अच्छी क्वालिटी का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी



भीगे धान को सुखाता किसान।

पूंडरी अनाज मंडी और आसपास के सार्वजनिक स्थलों पर खुले में पड़ा धान किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मंडी के अलावा पूंडरी से राजौंद रोड, कैथल-करनाल रोड, बस स्टैंड, पूंडरी से ढांड रोड, चीमा कॉलोनी के पास और अरमान कॉलोनी सहित विभिन्न स्थानों पर किसानों का लाखों क्विंटल धान खुले में पड़ा है। तीन दिन पहले हुई बारिश ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बारिश में भीगने के कारण धान की गुणवत्ता खराब हो रही है। कई किसानों का धान अंकुरित होकर डैमेज हो चुका है। इसके बावजूद धान की खरीद नहीं होने से किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि किसान अपने धान को बचाने के लिए दिनभर उसे सुखाने और पलटने में जुटे हुए हैं। इसके बावजूद तिरपाल के नीचे से पानी आने के कारण धान में नमी बनी हुई है। वहीं, खरीद एजेंसियों से जुड़े राइस मिलर भी धान खरीदने में आनाकानी कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि अच्छी गुणवत्ता वाले धान की खरीद भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के बजाय 300 से 400 रुपये प्रति क्विंटल कम भाव पर की जा रही है। दूसरी ओर, बारिश से खराब हो चुके धान को खरीदने के लिए कोई तैयार नहीं है। ऐसे में किसानों के सामने अपनी फसल बेचने का संकट खड़ा हो गया है।

विधायक बोले- 22 राइस मिलरों से हुई बात, खरीद में आएगी तेजी।

धान खरीद की समस्या को लेकर जब हलका विधायक सतपाल जांबा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनकी गुलाचिका के करीब 22 राइस मिलरों से बातचीत हुई है। अब पूंडरी मंडी में भी उन्हें अलाट किया जा रहा है, ताकि किसानों के धान की खरीद की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जा रहा है कि किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाए।

10 दिन से मंडी और सड़कों पर बैठे किसान

कई किसान पिछले सात से दस दिनों से अनाज मंडी और सड़कों के किनारे धान लेकर बैठे हैं। किसान दिनेश, अवतार, दिलबाग, बलकार और सुरेश ने बताया कि वे बारिश होने से पहले अपनी फसल लेकर मंडी पहुंचे थे, लेकिन समय पर खरीद नहीं होने के कारण धान खुले में पड़ा रहा। इसके बाद हुई बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। अब उन्हें हर रोज धान को पलटना और सुखाना पड़ रहा है। इसके बावजूद नीचे से पानी आने और नमी बने रहने के कारण धान खराब हो रहा है और अंकुरित होने लगा है। किसानों ने कहा कि सरकार धान की खरीद एमएसपी पर करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर उन्हें अपनी फसल बेचने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। अच्छी गुणवत्ता वाला धान भी एमएसपी से कम भाव पर बिक रहा है, जबकि खराब हो चुके धान को कोई खरीदने के लिए तैयार नहीं है।

रोजाना सैकड़ों लोगों से मिलकर समस्याएं सुनते हैं विधायक अत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

उचाना के भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री अपने मिलनसार व्यवहार और आमजन के बीच सहज उपलब्धता को लेकर चर्चा में हैं। विधायक अपने आवास पर प्रतिदिन करीब 300 से 400 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनते हैं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर आवश्यक कदम उठाने का प्रयास करते हैं। विधायक का प्रयास रहता है कि उनके पास अपनी समस्या या उम्मीद लेकर आने वाला कोई भी व्यक्ति निराश होकर वापस न लौटे। विधायक के आवास पर सुबह से ही लोगों का आना-जाना शुरू हो जाता है। कोई अपनी व्यक्तिगत समस्या लेकर पहुंचता है, तो कोई गांव की सड़क, बिजली, पानी, विकास कार्य या अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों को उनके सामने रखता है। विधायक सभी लोगों से रूबरू होकर उनकी बात सुनते हैं।



उचाना। बुजुर्ग के पांव छू आशीर्वाद लेते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

बुजुर्गों के पैर छूकर लेते हैं आशीर्वाद

विधायक के आवास पर पहुंचने वाले बुजुर्गों के प्रति उनका सम्मान और अपनापन भी लोगों का ध्यान आकर्षित करता है। जब कोई बुजुर्ग उनसे मिलने पहुंचता है, तो विधायक उसके पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं। वहीं, युवा और अन्य लोग भी उनसे सहजता से अपनी बात कह पाते हैं। आवास पर आने वाले लोगों को ऐसा महसूस होता है कि वे किसी जनप्रतिनिधि के कार्यालय में नहीं, बल्कि अपने परिवार के किसी सदस्य के घर आए हैं।

पति, ससुर और सास पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

पूंडरी क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने पति, ससुर और सास पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। विवाहिता का आरोप है कि ससुराल पक्ष उससे बद्दी में फ्लैट, 50 लाख रुपए, ससुर के लिए सोने की चेन और सास के लिए सोने का हार लाने का दबाव बनाता था। मांग पूरी नहीं होने पर उसे ताने दिए जाते थे और घर छोड़कर मायके जाने के लिए कहा जाता था। लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर वह नवंबर 2025 में ससुराल छोड़कर मायके आ गई। पूंडरी थाना पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद पति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी 20 जुलाई 2025 को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के युवक नितीश के साथ पूंडरी में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी। उसका आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे प्रताड़ित कर रहे हैं।

ट्रक ने कार और बाइक को मारी टक्कर

कैथल। शहर में गीता भवन मंदिर के पास प्रतिबंधित क्षेत्र के बाजार में नाइट्रिक एसिड से भरे ट्रक ने एक फॉर्च्यूनर कार और बाइक को टक्कर मार दी। आरोप है कि चालक शराब के नशे में था और लापरवाही से ट्रक चला रहा था। हादसे में फॉर्च्यूनर कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि मामले में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी सामने नहीं आई। सिटी थाना पुलिस ने चालक का एल्कोहल टेस्ट करवाया और ट्रक को कब्जे में ले लिया। पुलिस को दी शिकायत में गांव कोटड़ा निवासी रामफल चहल कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

तलौडा गांव के तालाब में पिस्तौल तलाशने में जुटी पुलिस

जींद। गांव तलौडा में बेटे मुरारी की हत्या के आरोपित पिता मदनलाल द्वारा तालाब में फेंका गया पिस्तौल पुलिस को अभी तक नही मिल पाया है। तालाब को खाली करवाने के लिए मोटर लगाई गई है। समस्या यह है कि जितना पानी निकल रहा है, उतना ही गांव से गंदा पानी वापस तालाब में आ रहा है। ऐसे में पुलिस को इसके लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। तालाब खाली होने में अभी तीन-चार दिन लगेंगेए उसके बाद ही पिस्तौल की तलाश की जाएगी। गौरतलब है कि बुधवार देर रात को गांव तलौडा में 26 वर्षीय युवक मुरारी की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में हो रहा चहुंमुखी विकासः डा. पुष्पा तायल



डा. पुष्पा तायल।

जींद। भाजपा की जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता किसान, व्यापारीए गरीबए युवा और महिलाओं सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोडना है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लागू कर लोगों तक उनका लाभ पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। डा. पुष्पा तायल ने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने और किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम दिलाने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं व्यापारियों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि उन्हें बेहतर सुविधाएं और सम्मानजनक जीवन मिल सके। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में भी सरकार लगातार कदम उठा रही है। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। पंचायतों से लेकर विधानसभा और लोकसभा तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के विषय को उन्होंने महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि राजनीति, संगठन और प्रशासन में महिलाओं को आगे बढने के अवसर मिलने चाहिए।

पात्रों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

पूंडरी। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं मार्केट कमेटी चेयरमैन सुभाष हजवाना ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की नायब सिंह सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाकर सुशासन, विकास और गरीब कल्याण के संकल्प को साकार करना है। वह गांव फरल के संत रविदास मंदिर में आयोजित खंड स्तरीय सेवा सेतु कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर बीडीपीओ राज सिंह और सरपंच प्रतिनिधि साहब सिंह राणा के नेतृत्व में गणमान्य लोगों ने सुभाष हजवाना का फूल-मालाओं और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

जुलाना में युवक की गोली मार कर हत्या करने में तीन आरोपित काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

सीआइए स्टाफ जुलानाने युवक की गोली मार कर हत्या करने के तीन आरोपितों को रविवार दोपहर को नेशनल हाइवे गांव करसोला पुल से काबू किया है। पुलिस गिरफ्त से बचने के लिए पुल से कूदने के कारण एक बदमाश घायल हो गया। जिसे नागरिक अस्पताल में भरती करवाया गया है। जुलाना थाना पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रहे है। जुलाना सीआइए प्रभारी यशवीर को सूचना मिली थी कि गांव करेला हाल जुलाना निवासी कृष्ण (22) की जुलाना में गोली मार कर हत्या करने के वांछित गांव ब्राह्मणवास निवासी अंगद व उसके साथी जींद- रोहतक हाइवे से जाने वाले है। सूचना के आधार पर सीआइए स्टाफ जुलाना ने आरोपितों की कार को गांव करसोला हाइवे पुल पर घेर लिया। पुलिस से घिरा देख अंगद ने पुलिस गिरफ्त से बचने के लिए गाड़ी से उतर कर पुल से नीचे छलांग लगा दी। जिसमें अंगद घायल हो गया। पुलिस आरोपितो से पूछताछ कर रही है। गांव करेला हाल जुलाना निवासी पूर्व सैनिक जगदीश का बेटा कृष्ण उर्फ डैनी (22) शुक्रवार देर रात जुलाना के पुराने बस स्टैंड पर अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर घर लौट रहा था। रास्ते में कार सवार बदमाशों ने कृष्ण को अपनी गाड़ी के पास बुला लिया। जिसके बाद उसकी गोली मार कर हत्या कर दी। हत्या के पीछे कुछ दिन पहले आरोपितों के साथ हुई कहासुनी बताया गया था। पुलिस ने मृतक के पिता गांव ब्राह्मणवास निवासी अंगद व जुलाना निवासी गोलू, लिजवाना खुर्द निवासी आशीष उर्फ पिन्नी व तीन अन्य के खिलाफ पुलिस ने हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।



आर्म्स लाइसेंस व नौकरी के नाम पर 4.33 लाख हड़पे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

ज्योतिषी को आम्र्स लाइसेंस तथा उसके भाई को नौकरी लगवाने को झांसा देकर चार लाख 33 हजार रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने ज्योतिषी की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माडल टाउन नरवाना निवासी लोकेश शर्मा ने अदालत में याचिका दायर कहा था कि वह मंदिर में पुजारी के साथ ज्योतिषी का कार्य भी करता है। उसके पास ज्योतिष कार्य तथा पूजा अर्चना के लिए गांव मनोहरपुर निवासी रोहित उर्फ लाला सरपंच, अक्षय, सुनील, विकास अक्सर आते-जाते रहे हैं। रोहित ने उसे कुछ मंत्रियों तथा अधिकारियों के साथ फोटो दिखाए और उनसे अच्छे रिश्त बताए। जिसके चलते वह आरोपित के प्रभाव में आ गया। उसने रोहित से अपना आम्र्स लाइसेंस बनवाने के लिए कहा। डेढ़ लाख रुपये में मामला तय हो गया। रोहित ने रेलवे में नौकरी लगवाने के लिए सात लाख रुपये की डिमांड की। नौकरी के लिए आधी राशि पहले तथा आधी राशि बाद में देने के लिए कहा। उसने आरोपितों को आम्र्स लाइसेंस तथा भाई को नौकरी लगवाने के लिए चार लाख 33 हजार रुपये अलग-अलग समय में दिए।

पीड़ित दुकानदार को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाए सरकार : महाबीर

डेकोरेशन गोदाम में लगी आग का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

विश्वकर्मा कालोनी स्थित डेकोरेशन गोदाम में लगी आग में हुए लाखों रुपये के नुकसान के बाद जींद व्यापार मंडल के प्रधान महाबीर कंप्यूटर अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ व्यापार मंडल के पदाधिकारी सुनील वशिष्ठ, करियाणा एसोसिएशन के प्रधान संजय, सुरेश गर्ग सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर महाबीर कम्प्यूटर ने कहा कि यह बड़ी दुखद घटना है और इसमें व्यापारी का काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। व्यापारी ने लगभग 25 वर्षों की मेहनत से अपना व्यापार खड़ा किया था और अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। आज पूरे परिवार आगजनी से हुए नुकसान की वजह से चिंतित है। इस दुख की घड़ी में पूरा व्यापार मंडल उनके साथ खड़ा है। लगभग 37 ट्रेड यूनियन के प्रधानों ने इस घटना पर गहरा दुख प्रकट किया है।



जींद। मौके पर मौजूद महाबीर कंप्यूटर जायजा लेते हुए।

डिप्टी स्पीकर से मिलेगा प्रतिनिधि मंडल

इस अवसर पर महाबीर कम्प्यूटर ने मौजूदा हरियाणा सरकार व जींद प्रशासन से मांग की है कि विनसम डकोर के मालिक कुनाल जैन को आर्थिक सहायता मुहैया करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल इस मामले में डिप्टी स्पीकर से मिलेगा और परिवार को आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग करेगा। जींद व्यापार मंडल व्यापारियों के हित में काफी समय से संघर्ष कर रहा है। पिछले दिनों चक्कर रोड पर प्लाईवुड शोरूम पर हुई आगजनी की घटना हो, चाहे कपड़ा मार्केट में दो दुकानों की आगजनी की घटना हो, व्यापार मंडल हमेशा आंदोलन करके समय का समाधान कराने में अहम भूमिका निभाई। इसलिए व्यापार मंडल चट्टान की तरह मजबूत है और व्यापारियों की उम्मीदों पर खरा उतरा रहा है। उन्होंने कहा कि आगजनी की घटनाओं से बचने की भरपाई के लिए

खबर संक्षेप

राजकीय महाविद्यालय अलेवा में हुआ व्याख्यान

जींद । राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में प्राचार्य डा. मुनीश कुमार के नेतृत्व में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इन व्याख्यानों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के नए अवसरों, एआइ के उपयोग समेत विभिन्न करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना था। प्रथम व्याख्यान का विषय रोजगारों के अवसरों के बढाने में एआइ का उपयोग रहा।

धूमधाम से मनेगा विश्वकर्मा दिवस समारोह, तैयारी तेज

नरवाना। भगवान विश्वकर्मा दिवस समारोह एवं विश्वकर्मा माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक उत्सव 9 नवंबर दिन सोमवार को विश्वकर्मा मंदिर व धर्मशाला मॉडल टाउन के प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा श्री विश्वकर्मा भवन निर्माण समिति के प्रधान फूल कुमार धीमान के नेतृत्व में माननीय कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को निमंत्रण पत्र दिया गया इस समारोह में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मुख्य होंगे वशिष्ठ अतिथि श्री रामचंद्र जांगड़ा पूर्व राज्यसभा सांसद,वशिष्ठ अतिथि देवेंद्र पांचाल चैयरमैन लेबर फेड हरियाणा होंगे, इस अवसर पर उप प्रधान ईश्वर सिंह पांचाल सचिव सरदार भगवान सिंह पिपलथा, कोषाध्यक्ष सतीश जांगड़ा, संस्था के सदस्य शैलेंद्र धीमान आदि रहे।

जब कोई अपना न मिला तब भाविप बना परिवार

जींद । इंसान की पहचान और रिश्ते भले ही जीवन में उसका साथ देंए लेकिन मृत्यु के बाद जब कोई अपना सामने न हो तो उसे सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई देना भी मानवता की बड़ी सेवा है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए भारत विकास परिषद की वीर शाखा जींद ने एक बार फिर संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश की। रेलवे लाइन के पास मिले करीब 30 से 35 वर्ष आयु के एक अज्ञात व्यक्ति के शव का परिषद के सदस्यों ने पूरे विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार करवाया।



रामलीला में अशोक वाटिका का सजीव मंचन

नरवाना। रामा भारतीय कला केंद्र के द्वारा पुरानी अनाज मंडी में हो रहे रामलीला मंचन के दौरान अशोक वाटिका तहस नहस तक के दृश्य दिखाए गए। यहां मुख्यतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी व विशिष्ट अतिथि के तौर पर लायंस क्लब के प्रधान गौरव गर्ग बडनपुर ने रिबन काटकर लीला का शुभारंभ किया। मंच संचालन शैलेंद्र मोहन गर्ग ने किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि पूरा जीवन ही रामायाण के अंदर जीवंत है। इस बात का किसी के पास आंकलन नहीं है कि इस रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना कब हुई लेकिन आज सैंकड़ों हजारों साल के बाद भी वह जीवंत है। आज हर माता पिता कल्पना करते हैं कि मेरे पुत्र भगवान राम जैसा हो।

परिवार नियोजन के लिए घर-घर तक दस्तक दे रही एएनएम पूनम

- हर महीने स्थायी व अस्थायी परिवार नियोजन के 25 केस करवा कर दे रही जनसंख्या नियंत्रण में योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बुढ़ाबाबा बस्ती में स्थित अर्बन पीएचसी नंबर दो में कार्यरत एएनएम पूनम जनसंख्या नियंत्रण में अहम भूमिका निभा रही है। बस्ती तथा आसपास लगभग 12 हजार की जनसंख्या है। वह हर महीने 25 परिवार नियोजन के केस करवाती हैं। इनमें अस्थायी व स्थायी केस होते हैं। परिवार नियोजन के लिए महिलाएं ही आगे आती हैं लेकिन पूनम पुरुषों को भी इसमें आगे ला रही हैं ताकि लोगों के बीच बनी गलत धारण को बदला जा सके।

गौरतलब है कि परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थायी दो तरीके होते हैं। इसमें पति 8 पत्नी पर निर्भर होता है कि वह कौन सा तरीका अपनाते हैं। जब परिवार पूरा हो जाता हैए तब स्थायी तरीका अपनाया जाता है। यदि पति व पत्नी बच्चों के बीच में अंतर करना चाहते हैं तो अस्थायी तरीका अपनाया जाता है। पूनम कहती हैं कि इन दोनों तरीकों के बारे में पति व पत्नी को जागरूक किया जाता है। अस्थायी तरीकों में कॉपरटी आजकल सबसे ज्यादा प्रचलित है। इसमें पांच साल से लेकर दस साल तक का अंतर किया जा सकता है। इसके अलावा इंजेक्शन अंतर भी लगता हैए जो तीन महीने के लिए गर्भधारण को रोकता है। वहीं टेबलेट छाया व माला एन भी हैं, जो गर्भधारण करने के समय में अंतर के लिए काफी प्रसिद्ध हैं। स्थायी तरीके में नलबंदी या नसबंदी करवाई जाती है। स्वास्थ्य विभाग की अर्बन पीएचसी नंबर दो की एएएनएम पूनम ने बताया कि अर्बन पीएचसी नंबर दो के तहत लगभग 12 हजार की जनसंख्या आती है। इसमें जितने भी घर हैं, सभी में वह जा चुकी हैं। परिवार नियोजन के लिए कोई भी महिला जो तरीका अपनाती है, उसकी देखभाल व समय-समय पर उससे पूछताछ जरूरी होती है ताकि उसे कोई समस्या नहीं है। हर महीने 25 से ज्यादा ही केस हो जाते हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के अनेक अन्य कार्य भी होते हैंए जो जरूरी होते हैं। खासकर गर्भवती महिलाओं की देखभाल व उनके रिकार्ड संबंधित कार्य भी करने होते हैं।

लोगों की धारणा बदलने के लिए किया जा रहा जागरूक



एएनएम पूनम।

परिवार नियोजन के लिए स्थायी तरीका नलबंदी या नसबंदी है। पुरुषों के मुकाबले महिलाएं ही नलबंदी करवाती हैं। पुरुष इस मामले में काफी पीछे हैं। पूनम हर जागरूकता शिविर में पुरुषों को नसबंदी करवाने के लिए प्रेरित करती हैं। वह पुरुषों को बताती हैं कि पुरुष द्वारा करवाई गई नसबंदी में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आती। इसके बावजूद पुरुष इस मामले में महिलाओं से पीछे ही हैं।

आर्य समाज नरवाना में साप्ताहिक हवन किया

नरवाना। आर्य समाज नरवाना में साप्ताहिक यज्ञ हवन किया गया। साप्ताहिक सत्संग में प्रधान चंद्रकांत आर्य ने बताया की मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र महाराज भारतीय संस्कृति के महापुरुषों में आदर्श हैं। रामलीला के पंडालों में अमर्यादित ,अश्लीलता, नग्नता एवं फुहड़ता के प्रदर्शन से मर्यादा पुरुषोत्तम रामचन्द्र के चरित्र हनन करने के घोर पाप आर्य समाज सख्त विरोध करता है। अश्लीलता के माध्यम से लोगों की भीड़ इकत्र करना हिंदू समाज के लिए कलंक है।

पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को आर्थिक सहायता दे रही सरकार

कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही कोई भी संगठन मजबूत होता है: मोहन लाल

- प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद । मंच पर मौजूद चेयरमैन मोहनलाल बडौली। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन मोहन लाल कौशिक सफीदों नगर के विभिन्न वार्डों में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी राष्ट्र को सर्वोपरि मान कर कार्य करती है और कार्यकर्ता संगठन की आत्मा हैं। किसी भी राजनीतिक संगठन की मजबूती उसके समर्पित कार्यकर्ताओं पर निर्भर करती है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम, समर्पण और जनसेवा की भावना से ही संगठन समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और जनसेवा के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार जनकल्याण तथा जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही हैं। सरकारों का उद्देश्य गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोडऩा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने, आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता पहुंचाने तथा उज्ज्वला योजना के जरिये पात्र महिलाओं को स्वच्छ ईंधन की सुविधा उपलब्ध कराने जैसे प्रयास जनकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी अंत्योदय की भावना के साथ गरीब परिवारों के उत्थान, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने, किसानों के हितों की रक्षा करनेए महिलाओं को सशक्त बनाने तथा शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है।

लोगों के बीच रहकर सुनें समस्याएं

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आमजन के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनें और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नही बल्कि राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के संकल्प के साथ काम करने वाला संगठन है। कार्यकर्ताओं का सम्मान, उनका विश्वास और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

रेलवे जंक्शन से बनखंड महादेव तक की खाटू श्याम की पैदल निशान यात्रा



जींद । कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि राजकुमार गोयल को निमंत्रण देते आयोजक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- यात्रा समापन के बाद होगा श्री श्याम मंदिर में खाटू श्याम का संकीर्तन

श्री श्याम परिवार सेवा समिति जींद की ओर से 22 अक्टूबर को बाबा खाटू श्याम की भव्य पैदल निशान यात्रा एवं कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर श्याम भक्तों में उत्साह है। निशान यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। जानकारी देते हुए दीपक चावडिय़ा ने बताया कि निशान यात्रा सुबह छह बजे श्री कृष्णा विजय मंदिर नजदीक रेलवे स्टेशन से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पटियाला चौक, रुपया चौक के रास्ते बनखंड महादेव मंदिर जींद तक पहुंचेगी। उसके बाद दोपहर चार बजे बनखंड महादेव स्थित श्री श्याम मंदिर में बाबा का भव्य कीर्तन आयोजित होगा। कीर्तन में भजन गायक नरेश भजनी, राकेश गोयल, साहिल अत्री, जतिन धवन, जिले सिंह और रोहित राजपूत बाबा खाटू श्याम के भजनों का गुणगान करेंगे। आयोजन में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। समिति के प्रधान दीपक चावडिय़ा ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा के दर्शन करेंए निशान यात्रा में भाग लें और भजन, कीर्तन का आनंद लेकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करें।

हरियाणा आज नशे के मामले में पंजाब से भी आगे निकल कर उड़ता हरियाणा बना : अभय चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद । बैठक के दौरान मंच पर मौजूद अभयचौटाला व अन्य।

इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नही है। किसान परेशान हैं। धान की फसल सरकार द्वारा खरीदी नही जा रही है और किसान औने-पौने दामों में अपनी फसल बेचने को मजबूर हैं। किसानों को दोनों हाथों से लूटा जा रहा है।

अभय सिंह चौटाला ने जेजेपी को जमा झूठी पार्टी बताते हुए कहा कि उन्होंने लोगों के साथ विश्वासघात करके पार्टी स्थापित की थी। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए फोटो काटने का काम किया है। ऐसे व्यक्ति को कठोर सजा मिलनी चाहिए। अभय चौटाला ने कहा कि हरियाणा आज नशे के मामले में पंजाब से भी आगे निकल कर उड़ता हरियाणा बन चुका है। हरियाणा के प्रत्येक गांव में नशा अपना कहर बरपा रहा है। अपराध और भ्रष्टाचार का बोलबाला है, जो रुकने का नाम नहीं ले रहा। सरकार में बैठे बड़े-बड़े लोग स्वयं भ्रष्टाचार में शामिल हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस किसी भी प्रकार से सरकार को घेरने का काम नही कर रही है। एसी कमरों में बैठकर राजनीति कर रही है और अंदरखाने सरकार की मदद करने में लगी हुई है। कांग्रेस की दोहरी भूमिका का खुलासा करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भाजपा का साथ देने का काम किया है। 2016 में राज्यसभा चुनाव में अपनी वोटों को रद्द कर भाजपा के प्रत्याशी सुभाष चंद्र को राज्यसभा सांसद बनवाया। इसी प्रकार 2024 में नौ विधायकों के वोट क्रॉस व रद्द करवा कर भाजपा के उम्मीदवार को जिताने का असफल प्रयास किया।

फरवरी माह में कुरुक्षेत्र में होगा महिला सम्मेलन

इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला रविवार को इनेलो की राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी की बैठक को निजी होटल में संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रदेश के राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि फरवरी माह में कुरुक्षेत्र में महिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। पार्टी में नए पदाधिकारियों के शामिल होने के कारण सदस्यता अभियान भी शुरू किया जाएगा।

जनता की समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिक

नरवाना। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने रविवार को नरवाना स्थित अपने निवास स्थान पर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिये।इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर कैबिनेट मंत्री से मिलने पहुंचे। कैबिनेट मंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति की बात को गंभीरता से सुना और समस्याओं की प्रकृति के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, बीपीएल कार्ड, राशन कार्ड तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं।

भारतीय कला केंद्र में भगवान राम की लीला का बडा सुंदर मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



जींद । कलाकार रामलीला का मंचन करते हुए।

हुडा ग्राऊंड में भारतीय कला केंद्र द्वारा करवाई जा रही रामलीला के दौरान हनुमान का रावण दरबार में पहुंचना, लंका दहन, विभीषण का श्रीराम की शरण में आना और लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध सहित कई रोमांचक प्रसंगों का मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से दर्शकों को रामायण के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों से रूबरू करवाया।

मंचन में दिखाया गया कि मेघनाद हनुमान को ब्रह्मपाश में बांधकर रावण के दरबार में लेकर आता है। यहां रावण और हनुमान जी के बीच तीखा संवाद होता है। रावण के आदेश पर हनुमान की पूंछ में आग लगाई जाती है, जिसके बाद हनुमान जी पूरी लंका में आग लगाकर रावण की सोने की नगरी को जला देते हैं। हनुमान वापस लौटकर माता सीता का संदेश और उनकी चूड़ामणि श्रीराम को सौंपते हैं। इसके बाद विभीषण श्रीराम की शरण में पहुंचते हैं। श्रीराम अंगद को दूत बनाकर लंका भेजते हैं। अंगद और रावण के बीच संवाद होता है। मेघनाद के ब्रह्मास्त्र चलाने से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। इसके बाद हनुमान लंका से सुषेण वैद्य को लेकर आते हैं और संजीवनी बूटी मिलने पर लक्ष्मण की मूर्छा दूर होती है। इन दृश्यों ने दर्शकों को भा वविभोर कर दिया। मुख्य पात्रों में राम की भूमिका ऋ षभ वर्मा, लक्ष्मण की लोकेश मित्तल, सीता श्रवण नायक, रावण कमल मोयल ने निभाई। मंच संचालन केंद्र के महासचिव विनोद मंगला ने किया। इस मौके पर मुख्यतिथि के तौर पर एसएमओ डा.देवेंद्र बिंदलिश, डा.स्वाति बिंदलिश, हिमांशु बंसल, नितिन मित्तल व सतीश सैनी ने शिरकत की उनका कला केंद्र के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान ये रहे मौजूद

इस मौके पर श्री भारतीय कला केंद्र के संस्थापक रामकुमार गर्ग, रामनिवास जैन, सरपरस्त ज्ञाना राम शर्मा, शशिकांत शर्मा, राम अवतार, प्रमोद सिंगला, विनोद मंगला, अनिल गुप्ता, सुभाष, हरीश गुप्ता, अनिल शर्मा, ढेवेंद्र शर्मा पुजारी, अजय गोयल, अनिल मित्तल, अनुराग शर्मा, सुशील गोयल, राकेश शर्मा के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



15वीं जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में बीके स्कूल के छात्रों ने मारी बाजी

नरवाना। जिला उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा एवं दीवान बाल कृष्ण उपप्रधान के मार्गदर्शन में 15वीं जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता डी.बी.के. इंटरनेशनल स्कूल नरवाना के रिंक में आयोजित की गई। जानकारी देते हुए जिला सचिव सुनील छाबड़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न आयु वर्ग के लडक़ों एवं लड़कियों ने क्वाड व इनलाइन स्पीड में भाग लेते हुए अपना दम-खम दिखाया। वेदांता स्कूल के डायरेक्टर प्रदीप नैन ने सीटी बजाकर शुभारंभ किया। क्वाड प्रतियोगिता में 4 से 6 आयु वर्ग में जश्न प्रथम, 6 से 8 आयु वर्ग में अधिराज प्रथम। 8 से 10 आयु वर्ग में आर्यवीर प्रथम, 12 से 15 आयु वर्ग में केशव व 15-18 आयु वर्ग मे ध्रुव दत्त प्रथम स्थान पर रहे। इनलाइन में 6 से 8 आयु वर्ग में सादिक जांगड़ा, 8 से 10 आयु वर्ग में रेयांश नैन प्रथम, 10 से 12 आयु वर्ग में दिव्यांश प्रथम, 12 से 15 आयु वर्ग में प्रतीक प्रथम, 15 से 18 आयु वर्ग में मोहित विजेता रहे। लड़कियों में 8 से 10 आयु वर्ग वान्या जांगड़ा प्रथम, 12 से 15 आयु वर्ग सुनंदिनी प्रथम, 18 आयु वर्ग इनलाइन में राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी अग्निमा प्रथम रही। इस मौके पर मुख्यतिथि डॉ. राजेश गुप्ता फिजियोथेरापिस्ट ने सभी विजेता खिलाडियों को मेडल देकर सम्मानित किया व बच्चों को भविष्य में अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रदीप नैन डायरैक्टर वेदांता स्कूल, भूपेन्द्र जींद व अभिभावकों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

निर्माण कार्य के शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्र के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला

भगवान वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास का नींव पत्थर रख स्वामी वजीरानंद सरस्वती ने किया शिलान्यास



जींद । भगवान वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास निर्माण के लिए दृष्टि मंगलपुर स्वामी वजीरानंद महाराज को ईंट सौंपते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

सर्व जातीय दाडऩ खाप चबूतरा के पास पालवां में बनने वाले दो मंजिला भगवान वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास के निर्माण कार्य का शुभारंभ रविवार को बाबा फुल्लू साध गौशाला उचाना खुर्द के संचालक स्वामी वजीरानंद सरस्वती ने नींव पत्थर रखकर किया। अध्यक्षता हरियाणा वाल्मीकि महासभा के प्रधान महासचिव सत्यवान ढिलौड़ ने की। इस अवसर पर हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन भारतभूषण टांक, दाडऩ खाप चबूतरा पालवां के प्रधान रणधीर श्योकंद और मंडी के पूर्व प्रधान सत्यनारायण मखंड सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

भगवान वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास का निर्माण वाल्मीकि समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस भवन के माध्यम से समाज के बच्चों और युवाओं को शिक्षा, रोजगार तथा सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध करवाने का उद्देश्य है। निर्माण कार्य के शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्र के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। गांवों से बड़ी संख्या में समाज के लोग, महिलाएं और बच्चे भी कार्यक्रम में पहुंचे। सभी ने भवन निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

बांगर क्षेत्र का यह भवन बनेगा भव्य और शालीन

स्वामी वजीरानंद सरस्वती ने कहा कि बांगर क्षेत्र में भगवान वाल्मीकि भवन का निर्माण बाबा फुल्लू साध के आशीर्वाद से शुरू हुआ है। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले समय में यह भवन भव्य और शालीन रूप लेगा तथा समाज के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। वह समय-समय पर यहां आते रहेंगे। सत्यवान ढिलौड़ ने कहा कि प्रदेश में बन चुके और निर्माणाधीन वाल्मीकि भवनों में उचाना में बनने वाला भवन सबसे आलीशान होगा। भवन निर्माण का उद्देश्य समाज को एक मजबूत मंच उपलब्ध करवाना है, जहां सामाजिक एकता के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार और युवाओं के भविष्य को लेकर भी सार्थक गतिविधियां आयोजित की जा सकें

एक-एक ईंट लेकर पहुंचे ग्रामीण, दिखाई सामाजिक एकजुटता

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों द्वारा अपने घरों से एक-एक ईंट लेकर पहुंचना रहा। ग्रामीणों ने इन ईंटों को स्वामी वजीरानंद सरस्वती से स्पर्श करवाकर भवन की नींव में रखा। इस दौरान महिलाओं और छोटे बच्चों ने भी उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। लोग अपने घरों से ईंट लेकर पहुंचे और भवन निर्माण में अपनी आस्था तथा सहयोग व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला प्रधान संजीव वैद, शिक्षाविद् रामचंद्र अत्री, सरपंच ओमप्रकाश छात्तर, शमशेर फौजी पालवां, जोरा फौजी मखंड, अशोक थुआ, मुकेश सुदकैन, सतीश बड़ौदा, विनोद पालवां, विनोद भौंगरा, कुलदीप कसूहन, राजकुमार बुडायन आदि रहे।

मंडियों में किसान परेशान सरकार की मंशा फसल खरीदने की नहीं : दुष्यंत चौटाला

उचाना। उचाना अतिरिक्त मंडी में पीआर धान की खरीद का जायजा लेने पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने धान खरीद में आ रही समस्याओं को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश, पोर्टल की समस्याओं और प्रत्येक मंडी में एक खरीद एजेंसी रखने के प्रयोग ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। आज मंडियों में धान की ढेरियां पड़ी हैं, लेकिन खरीद और उठान की व्यवस्था सुचारू नहीं है। शनिवार को आई धान की ढेरियों में 16 प्रतिशत तक नमी होने के बावजूद रविवार का हवाला देकर खरीद नहीं करना सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करता है। मंडियों में अनाज खराब होने की जिम्मेदारी भी सरकार की है। सरकार के पास न तो पर्याप्त मिलर्स हैं और न ही उठान की उचित व्यवस्था।

खबर संक्षेप

नवरात्र नारी सम्मान का संदेश देने वाला उत्सव : गौड़

कैथल। नवरात्र केवल पूजा-अर्चना और व्रत का पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, साहस और नारी सम्मान का संदेश देने वाला उत्सव है। नवरात्र पर्व के महत्व को लेकर ज्योतिषाचार्य व संगीत अध्यापक श्याम सुंदर गौड़ ने कहा कि मां भगवती की सच्ची आराधना तभी सार्थक है, जब हम नारी का सम्मान करें, उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करें और किसी भी परिस्थिति में उसका अपमान न होने दें।

रोहित शर्मा बने सीनियर सिटीजन एसो. के प्रधान

कैथल। सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की मासिक बैठक वरिष्ठ नागरिक भवन में हुई। सभा का शुभारंभ गायत्री महामंत्र के तीन बार उच्चारण तथा प्रभु की प्रार्थना के साथ किया गया। आज की सभा के अध्यक्ष डॉ बीडी गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्य आरकेएसडी कॉलेज कैथल की देखरेख में संस्था के प्रधान पद का चुनाव करवाया गया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य सुंदरलाल चावला ने प्रधान पद के लिए रोहित शर्मा का नाम प्रस्तावित किया जिसका सभी सदस्यों ने ध्वनि मत ने समर्थन किया।

हर राजकीय आईटीआई में विद्यार्थी बनेगा ब्रांड एंबेसडर

कैथल। तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा ने नई पहल की है। इसके तहत प्रदेश के सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में एक-एक विद्यार्थी को ब्रांड एंबेसडर के रूप में चयनित किया जाएगा।

मददगार साबित हो रही सीएम विवाह शगुन योजना

कैथल। हरियाणा सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता के लिए क्रियान्वित की जा रही मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजनों की शादी में मददगार साबित हो रही है। डीसी अपराजिता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में आने वाली आर्थिक चिंता को दूर करना और समाज में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

युवा महोत्सव में आरकेएसडी कॉलेज का दबदबा कायम

कैथल। स्थानीय आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल ने सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय, लोहार माजरा, कुरुक्षेत्र में आयोजित हो रहे 49वें युवा महोत्सव में महाविद्यालय ने जोरदार प्रदर्शन से अपना दबदबा कायम रखा है।

हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर संपन्न

कैथल। सेवा संघ कैथल में हृदय रोगों की जांच एवं परामर्श के लिए आयोजित शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में लगभग 80 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से हृदय रोगों से संबंधित परामर्श प्राप्त किया।

नवरात्रों को लेकर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, कल मनाई जाएगी दुर्गा अष्टमी कई श्रद्धालुओं ने किया कंजक पूजन, नवरात्रभर किया मां भगवती का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

शारदीय नवरात्र के दौरान मां दुर्गा की आराधना को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। नवरात्र के आठवें दिन अष्टमी पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। भक्त मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। अष्टमी के बाद महानवमी का पर्व मनाया जाएगा। रविवार को कई श्रद्धालुओं ने कंजक पूजन भी किया। छोटी कन्याओं को मां भगवती का स्वरूप मानकर उनका विधिवत पूजन किया गया। कन्याओं को तिलक लगाकर भोजन करवाया गया तथा प्रसाद और उपहार भेंट किए गए। वहीं काफी श्रद्धालु सोमवार को दुर्गा अष्टमी के अवसर पर कंजक पूजन करेंगे। अष्टमी को लेकर मंदिरों और घरों में विशेष तैयारियां की गई हैं।

मां के जयकारों और भजनों से गूंजता रहा मंदि परिसर

आचार्य राम भगत हरित ने बताया कि अष्टमी तिथि 19 अक्टूबर सोमवार को सुबह 10 बजकर 53 मिनट तक रहेगी। इसके बाद महानवमी तिथि शुरू हो जाएगी, जो 20 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 59 मिनट 41 सेकंड तक रहेगी। उन्होंने बताया कि नवरात्र में अष्टमी और नवमी का विशेष धार्मिक महत्व है। इन दिनों मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है। पावन नवरात्रों को लेकर रविवार को राजौंद के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही श्रद्धालु मां भगवती के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचते रहे। नवरात्रों के अंतिम दिनों में मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ गई है। श्रद्धालुओं ने मां भगवती की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रों में कन्या पूजन का विशेष महत्व माना गया है। कन्याओं को मां भगवती का स्वरूप मानकर उनका पूजन और भोजन करवाने से श्रद्धालु मां का आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना करते हैं। उन्होंने बताया कि दुर्गा अष्टमी पर मां महागौरी की पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्रों में अष्टमी का विशेष महत्व होने के कारण इस दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से श्रद्धा और विधि-विधान के साथ मां भगवती की पूजा-अर्चना करने का आह्वान किया। वहीं नवरात्रों के दौरान दुर्गा मंदिर में महिला संकीर्तन मंडली द्वारा प्रतिदिन भजन-कीर्तन किया गया। महिलाओं ने मां भगवती की महिमा का गुणगान कर मंदिर परिसर को भक्तिमय बनाए रखा। रविवार को भी महिलाओं ने भजन-कीर्तन के माध्यम से मां की आराधना की। इस दौरान मंदिर परिसर मां के जयकारों और भजनों से गूंजता रहा।



राजौंद। दुर्गा मंदिर में रविवार को नवरात्रों के दौरान पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन करतीं महिला संकीर्तन मंडली की सदस्य।

रामलीला में राम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध की लीला का मंचन

सीवन में बाबा नारायण दास रंगमंच क्लब की ओर से कार्यक्रम

श्रीराम के कहने पर सुग्रीव ने बाली को युद्ध के लिए ललकारा

- दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

सीवन में बाबा नारायण दास रंगमंच क्लब की ओर से आयोजित रामलीला में शनिवार रात को कलाकारों ने राम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध की लीला का मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप में महंत टीना माई ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और रिबन काटकर मंचन की शुरूआत की। मंचन के दौरान रामलीला स्थल जय श्रीराम के जयघोष से गूंजता रहा और कलाकारों के अभिनय पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाया। सीता हरण के बाद माता सीता की तलाश में वन-वन भटक रहे भगवान श्रीराम को जब सुग्रीव का साथ मिला तो उनके अभियान को नई दिशा मिली। सुग्रीव ने श्रीराम को अपने भाई बाली के अत्याचारों के बारे में बताया और न्याय दिलाने की गुहार लगाई। इसके बाद श्रीराम ने सुग्रीव की सहायता करते हुए बाली का वध किया।



कैथल। सीवन में रामायण का मंचन करते कलाकार *फोटो : हरिभूमि*

इन कलाकारों ने निभाए किरदार

रामलीला में जोगिंद्र शर्मा ने भगवान श्रीराम, मनोज ने लक्ष्मण, मोहन सैनी ने सुग्रीव, साबू आर्य, गुरमेली ने अंगद ने बाली और रोशन सैनी ने हनुमान की भूमिका निभाई। कलाकारों ने अपने अभिनय और संवादों से लीला के प्रसंगों को जीवंत बनाने का प्रयास किया। क्लब प्रधान चेतन शर्मा ने बताया कि रामलीला के दौरान दर्शकों में उत्साह बना रहा और जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। मंच संचालन मांगें राम शर्मा ने किया। इस अवसर पर क्लब उप प्रधान विनोद शर्मा व पंकज बहल, निर्देशक बिट्टू गोल्डन व बलराम स्नेही, जयपाल प्रजापत, दर्शन सैनी, शेखर राणा, मुकेश और विनोद बहल मौजूद रहे।

श्रीराम के कहने पर सुग्रीव ने बाली को युद्ध के लिए ललकारा

श्रीराम के कहने पर सुग्रीव बाली को युद्ध के लिए ललकारते हैं। दोनों भाइयों के बीच घमासान युद्ध होता है, लेकिन पहले मुकाबले में सुग्रीव को हार का सामना करना पड़ता है। इसके बाद श्रीराम सुग्रीव को दोबारा युद्ध के लिए भेजते हैं। दूसरी बार युद्ध के दौरान भगवान श्रीराम पेड़ की ओट से बाली पर बाण चलाते हैं, जिससे उसका वध हो जाता है। बाली वध के साथ ही सुग्रीव को न्याय मिलता है और आगे माता सीता की खोज के लिए रास्ता खुलता है। इस प्रसंग के माध्यम से कलाकारों ने दर्शकों को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

माता सीता की तलाश में भटके श्रीराम

रामलीला मंचन में दिखाया गया कि माता सीता के हरण के बाद भगवान श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण के साथ उनकी तलाश में भटक रहे हैं। इसी दौरान वे ऋष्यमूक पर्वत पर पहुंचते हैं, जहां उनकी मुलाकात हनुमान से होती है। हनुमान की मध्यस्थता से श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता होती है। सुग्रीव अपनी व्यथा सुनाते हुए बताते हैं कि बाली ने उनके साथ अन्याय किया है और उन्हें अपने राज्य से दूर रहने के लिए मजबूर कर दिया है। सुग्रीव की पीड़ा सुनकर भगवान श्रीराम उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा देते हैं।



पूंडरी। गांव जांबा में सफाई अभियान चलाते हुए विधायक सतपाल जांबा व अन्य।

पूंडरी में हर रविवार गांवों में चलेगा सफाई अभियान

- विधायक सतपाल जांबा ने गांव जांबा ने की शुरुआत
- अमेरिका से पहुंचे पवन क्वात्रा ने विधायक की टीम के साथ किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए अब हर रविवार को किसी न किसी गांव में सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत रविवार को विधायक सतपाल जांबा ने गांव जांबा से की। इस दौरान विधायक की सफाई मुहिम से प्रभावित होकर अमेरिका से पहुंचे पवन क्वात्रा ने भी गांव में पहुंचकर विधायक की टीम के साथ श्रमदान किया और सफाई अभियान में भाग लिया। पवन क्वात्रा ने कहा कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से अक्सर विधायक सतपाल जांबा को सफाई करते हुए देखते रहते हैं। उनके इस प्रयास से वह काफी प्रभावित हैं। उनके मन में इच्छा थी कि जब भी वह भारत आएंगे तो विधायक के साथ सफाई अभियान में जरूर हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक सामाजिक और नेक कार्य है। प्रत्येक व्यक्ति को सप्ताह में कम से कम एक दिन श्रमदान करके अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा बनाने में योगदान देना चाहिए। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि उनका प्रयास है कि पूरे विधानसभा क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए। इसके लिए जनभागीदारी जरूरी है। दीपावली का पर्व भी नजदीक है और त्योहारों के अवसर पर स्वच्छता का विशेष महत्व होता है। स्वच्छ वातावरण से स्वास्थ्य बेहतर रहता है। जहां स्वच्छता होती है, वहां सकारात्मक वातावरण बनता है।

पांच पोंड तालाब दिखाया

सफाई अभियान के दौरान विधायक सतपाल जांबा ने गांव में बनाए गए पांच पोंड तालाब को भी दिखाया। यहां पानी की निकासी और जल प्रबंधन के लिए करीब 40 फुट की गहराई पर तीन रिचार्जिंग बोर लगाए गए हैं। विधायक ने बताया कि यह एक प्रयोग है। यदि इसके सकारात्मक परिणाम मिलते हैं तो विधानसभा क्षेत्र के अन्य गांवों में भी इसी प्रकार के रिचार्जिंग बोर लगाने की योजना बनाई जाएगी। इससे जल निकासी की समस्या के समाधान और पानी के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलने की उम्मीद है।

योजना के दूसरे चरण के लिए करें पंजीकरण

- दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण की शुरुआत
- हर माह मिलेगी 2100 रुपये की वित्तीय सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी अपराजिता ने बताया कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण की शुरुआत कर दी गई है। योजना का दायरा बढ़ाते हुए अब 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले परिवारों की 23 वर्ष से ज्यादा उम्र की महिलाओं को भी योजना में शामिल किया गया है। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थी महिलाओं को हर माह 2100 रुपये की वित्तीय सहायता सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी से उपलब्ध करवाई जाएगी। डीसी अपराजिता ने बताया कि योजना के दूसरे चरण के लिए जिले में पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

विशेष श्रेणियों की महिलाएं भी योजना की पात्र

डीसी अपराजिता ने बताया कि योजना के निर्धारित प्रावधानों के तहत कैंसर से पीड़ित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के मरीजों, दुर्लभ बीमारियों से ग्रस्त तथा हीमोफिलिया और थैलेसीमिया से पीड़ित महिलाओं के लिए भी पात्रता के प्रावधान किए गए हैं। इसके अलावा जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपये तक है और उनके बच्चों ने 10वीं या 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। NIPUN भारत मिशन अथवा कुपोषण से उबरने से संबंधित निर्धारित मापदंडों को पूरा करने वाले परिवारों के लिए भी योजना के प्रावधान लागू होंगे।

आवेदन के लिए ये दस्तावेज जरूरी

उन्होंने बताया कि आवेदन करते समय हरियाणा का डोमिसाइल, आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर तथा महिला के नाम की बैंक पासबुक, विवाहित महिला के मामले में परिवार से संबंधित आधार होना जरूरी हैं। इसके अलावा बिजली बिल या कनेक्शन नंबर, पैन कार्ड तथा यदि आवेदक हरियाणा कौशल रोजगार निगम में कार्यरत है तो उसका पंजीकरण नंबर भी आवश्यक होगा।

बॉक्सिंग चैंपियनशिप के चौथे दिन के मुकाबले जारी

कैथल। आरकेएसडी पब्लिक स्कूल, कैथल में आयोजित सी बी एस ई राष्ट्रीय बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप के चौथे दिन का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर कैथल की सीएमओ डॉ. रेणु चावला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता के तीसरे दिन के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। चौथे दिन भी अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की बालिका खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं।

विदेशी कॉल पर पैसे भेजने से बचें

- एसपी की साइबर ठगों से सावधान रहने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

विदेश में रह रहे रिश्तेदार या जानकार के नाम पर आने वाली फोन कॉल पर भरोसा करके पैसे ट्रांसफर करना भारी पड़ सकता है। साइबर ठग विदेश से कॉल कर कभी रिश्तेदार के झगड़े में फंसने, कभी हादसा होने और कभी पुलिस द्वारा पकड़े जाने की बात कहकर लोगों से पैसों की मांग करते हैं। घबराहट में लोग बिना पुष्टि किए पैसे भेज देते हैं और बाद में ठगी का पता चलता है। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने लोगों को ऐसे साइबर ठगों से सावधान रहने की अपील की है। एसपी ने बताया कि बड़ी संख्या में युवा पढ़ाई और नौकरी के लिए विदेश में रहते हैं। साइबर ठग इसी बात का फायदा उठाकर परिवार के सदस्यों को फोन करते हैं और किसी मुसीबत का हवाला देकर तुरंत पैसे भेजने का दबाव बनाते हैं। वे समझौते या किसी अन्य जरूरत के नाम पर रकम मांगते हैं। ऐसे में लोगों को घबराने के बजाय विदेश में रह रहे संबंधित रिश्तेदार या अन्य परिचित से संपर्क करके जानकारी की पुष्टि करनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी के साथ ओटीपी या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा करें। पैसे ट्रांसफर करने से पहले कॉल करने वाले की पहचान और जरूरत की अच्छी तरह पुष्टि करें।

नकली रसीद भेजकर भी करते हैं ठगी



एसपी ने बताया कि ठगी का एक अन्य तरीका यह है कि अपराधी विदेश में रहने वाला रिश्तेदार बनकर फोन करते हैं और कहते हैं कि उन्होंने भारतीय खाते में पैसे भेज दिए हैं। रकम लेने के लिए कोई एजेंट आएगा। भरोसा दिलाने के लिए वे वाट्स-एप पर नकली भुगतान रसीद भी भेज सकते हैं। इसके अलावा खाते में पैसे आने का झांसा देकर लिंक भेजा जाता है। लिंक पर क्लिक करने

सम्राट मिहिर भोज की जयंती मनाई

- चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

शहर में क्षत्रिय चक्रवर्ती सम्राट मिहिर भोज की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एकत्रित होकर सम्राट मिहिर भोज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम के दौरान उनके जीवन, शौर्य, पराक्रम और गौरवशाली इतिहास को याद किया गया।समाज के लोगों ने कहा कि सम्राट मिहिर भोज ने अपने पराक्रम और वीरता से इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान बनाया। उनका जीवन और राष्ट्र के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए



राजौंद। सम्राट मिहिर भोज की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते समाज के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

उनके आदर्श देते है प्रेरण

उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सम्राट मिहिर भोज का गौरवशाली इतिहास समाज को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। इस मौके पर डॉ. श्याम राणा, प्रमोद राणा प्रधान, जॉनी राणा, मोहन राणा, योगेश राणा, एडवोकेट विशाल राणा, संग्राम राणा, सन्नी राणा, मोनू राणा, अंकित राणा, रिंकू राणा, शेखू राणा, अंकुर राणा, साहिल राणा, अंशुल राणा, गुरमेल सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

धर्म-कर्म भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन सुनाया सुदामा चरित्र, कलियुग के आगमन का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

गांव बीर बांगड़ा के शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के सातवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान पूरा मंदिर परिसर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। कथा व्यास जितेंद्र शास्त्री वृंदावन ने सातवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के साथ सुदामा चरित्र, भगवान के अपने धाम गमन तथा कलियुग के आगमन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।कथा व्यास जितेंद्र शास्त्री ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता संसार के लिए सच्ची मित्रता का अनुपम उदाहरण है। सुदामा अत्यंत निर्धन होने के बावजूद भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनकी भक्ति और प्रेम में कभी कमी नहीं आई। सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे।



राजौंद। गांव बीर बांगड़ा के शिव मंदिर में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के सातवें दिन कथा का श्रवण करते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

भौतिक सुखों की लालसा बढ़ेगी

कथा व्यास ने कहा कि कलियुग में मनुष्य के जीवन में भौतिक सुखों की लालसा बढ़ेगी और धर्म एवं सदाचार में कमी आएगी। ऐसे समय में भगवान का नाम स्मरण, सत्संग और धार्मिक ग्रंथों का श्रवण मनुष्य को सही मार्ग दिखाने का माध्यम बनेंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि कलियुग में भगवान का नाम ही सबसे सरल और प्रभावी साधन है।सुदामा चरित्र और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा के दौरान बार-बार भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए गए। मंदिर परिसर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर भगवान श्रीकृष्ण के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

खबर संक्षेप



कैथल। पुलिस की गिरफ्त में छिना झपटी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

नकदी व मोबाइल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

कैथल। शहर में नकदी और मोबाइल छीनने के मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान चीका की मिया बस्ती निवासी सौरभ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1100 रुपए और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। आरोपी को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सीवन गेट निवासी धनेश ने शिकायत दी थी कि 10 अगस्त को वह घर से 20 हजार रुपए लेकर अपने चाचा की दुकान पर देने जा रहा था। शाम करीब 4:40 बजे जब वह सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पास बाइक पर सवार युवक ने रुपये और मोबाइल छीन लिए और फरार हो गया।

दहेज प्रताडना के आरोप में तीन नामजद

कैथल। गुहला क्षेत्र की एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और बेटी समेत घर से निकालने का आरोप लगाया है। विवाहिता की शिकायत पर चीका थाना पुलिस ने पति, सास और चाचा ससुर के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायत में विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी पंजाब के पटियाला जिले के कमलजीत सिंह के साथ हुई थी। बाद में ससुराल पक्ष उसे दहेज के लिए परेशान करने लगा। आरोप है कि गाड़ी खरीदने के लिए उससे 2 लाख रुपए मांगे गए। उसके माता-पिता ने डेढ़ लाख रुपए और बाद में 50 हजार रुपए देकर मांग पूरी की। विवाहिता का आरोप है कि इसके बाद ससुराल पक्ष ने कंबाइन खरीदने के लिए 10 लाख रुपए की मांग की। एसआई नवनीत ने बताया कि पुलिस ने पति कमलजीत सिंह, सास सुखो और चाचा ससुर लालाराम के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खुराना रोड से बाइक चोरी, केस दर्ज

कैथल। शहर के खुराना रोड से एक बाइक चोरी हो गई। मामले में सिटी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में खुराना रोड निवासी राहुल ने बताया कि वह 11 अक्टूबर की रात विश्वकर्मा चौक के पास एक दुकान पर पिज्जा खाने गया था। उसने अपनी दुकान के सामने खड़ी की थी। पिज्जा खाने के बाद वह बाइक लेकर खुराना रोड से कमेटी चौक की तरफ गया। यहां वह बाइक साइड में खड़ी कर बाथरूम करने के लिए चला गया। वापस लौटा तो बाइक गायब मिली। उसने आसपास और दुकान तक बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

निपुण मिशन की आवधिक आकलन पीए-1 में 90.4% बच्चों ने लिया भाग

परिणामों में बालवाटिका-3 का प्रदर्शन बेहतर, चौथी कक्षा के बच्चे मिले कमजोर

- गणित और अंग्रेजी में कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत : राजेश वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निपुण हरियाणा मिशन के तहत प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों के शैक्षणिक स्तर का आकलन करने के लिए अगस्त 2026 में आयोजित आवधिक आंकलन-प्रथम (पीए-1) के परिणाम सामने आए हैं। जींद जिले में बाल वाटिका-3 से कक्षा चौथी तक नामांकित 25,752 बच्चों में से 23,273 बच्चों का आंकलन किया गया। इस तरह जिले में कुल आंकलन पूर्णता दर 90.4 प्रतिशत रही। परिणामों में बालवाटिका-3 और शुरुआती कक्षाओं के मुकाबले चौथी कक्षा में बच्चों की दक्षताओं का स्तर कम मिला है। विशेष रूप से चौथी कक्षा के गणित और अंग्रेजी विषय में सुधार की जरूरत सामने आई है। पीए-1 का आयोजन कक्षा तत्परता कार्यक्रम (सीआरपी) के बाद किया गया था। इसका उद्देश्य बच्चों में निर्धारित दक्षताओं की स्थिति जानना और उनके सीखने में सामने आ रही कमियों के आधार पर कक्षा में दोबारा शिक्षण व उपचारात्मक गतिविधियों की योजना तैयार करना है। आंकलन कक्षा अध्यापकों ने विषयवार निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार निपुण हरियाणा टीचर एप के माध्यम से किया। इसके परिणाम जिला, खंड, क्लस्टर और विद्यालय स्तर पर निपुण डैशबोर्ड पर उपलब्ध हैं, जबकि कक्षा और विद्यार्थीवार रिपोर्ट टीचर एप पर देखी जा सकती हैं।



जींद। आंकलन परीक्षा में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

कक्षा बढ़ने के साथ घट रहा दक्षता स्तर

जिला समन्वयक एफ एल एन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि जिले के परिणामों के अनुसार बालवाटिका-3 में औसत दक्षता स्तर 78.9 प्रतिशत दर्ज किया गया। पहली कक्षा में यह औसत 75 प्रतिशत और दूसरी कक्षा में 75.4 प्रतिशत रहा। तीसरी कक्षा में औसत घटकर 69.2 प्रतिशत रह गया, जबकि चौथी कक्षा में यह केवल 53 प्रतिशत दर्ज किया गया। यह अंतर संकेत देता है कि बच्चों की शुरुआती दक्षताओं को आगे की कक्षाओं में मजबूत बनाए रखने के लिए नियमित अभ्यास, सतत आकलन और विषयवार उपचारात्मक शिक्षण की आवश्यकता है। पहली कक्षा में गणित का प्रदर्शन 80.4 प्रतिशत रहा, जबकि हिंदी में 79.1 और अंग्रेजी में 65.5 प्रतिशत दक्षता दर्ज की गई। दूसरी कक्षा में अंग्रेजी 79 प्रतिशत के साथ बेहतर रही, जबकि गणित में 77.1 और हिंदी में 70 प्रतिशत का स्तर सामने आया। तीसरी कक्षा में गणित 74.3 प्रतिशत के साथ आगे रहा, हिंदी 69.8 प्रतिशत और अंग्रेजी 63.7 प्रतिशत पर रही। चौथी कक्षा में हिंदी का स्तर 61.5 प्रतिशत, गणित का 50.2 प्रतिशत और अंग्रेजी का 47.4 प्रतिशत दर्ज किया गया।

ये रहे चौथी कक्षा के बच्चों के आंकलन के परिणाम

चौथी कक्षा के परिणामों में गणित और अंग्रेजी की दक्षताओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत सामने आई है। गणित में 4,610 बच्चों का आंकलन हुआ, जिनमें 2,618 बच्चे निर्धारित उत्कृष्ट दक्षता श्रेणी में रहे। इस विषय में द्वि-आयामी और त्रिआयामी आकृतियों, स्थान तथा सममिति को समझने में बच्चों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा। प्रतिबिंब और घूर्णन सममिति बनाने की दक्षता का स्तर 35.5 प्रतिशत रहा। आकृतियों के पैटर्न को पहचानने और आगे बढ़ाने में भी प्रदर्शन 49.1 प्रतिशत दर्ज किया गया।अंग्रेजी में 4,574 बच्चों का आकलन किया गया। इनमें 2,472 बच्चे उत्कृष्ट दक्षता श्रेणी में रहे, जबकि 91 बच्चे किसी भी आकलित दक्षता में सक्षम नहीं पाए गए।

आकलन के आधार पर बनेगी योजना

जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि पीए-1 का आयोजन कक्षा तत्परता कार्यक्रम (सीआरपी) के बाद किया गया था। इसका उद्देश्य बच्चों में निर्धारित दक्षताओं की स्थिति जानना और उनके सीखने में सामने आ रही कमियों के आधार पर कक्षा में दोबारा शिक्षण व उपचारात्मक गतिविधियों की योजना तैयार करना है।



जींद। श्रीराम कथा के दौरान पूजा करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

मनुष्य जीवन में मर्यादा होनी चाहिए : मधुरेश महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- आज होगा संगीतमयी श्रीराम कथा का समापन

जेसीआई एल्यूमिनी क्लब जींद रीजन द्वारा हिंदू कन्या महाविद्यालय में चल रही श्रीराम कथा अपने अंतिम पड़ाव पर है। सोमवार को रामकथा का भंडारे के साथ समापन होगा। अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास मधुरेश महाराज ने प्रसंग में बताया कि श्रीराम ने स्वयं माता दुर्गा की आराधना की थी। प्रभु श्रीराम की तपस्या से प्रसन्न होकर मां दुर्गा ने श्रीराम को एक धनुष बना दिया। जिसका नाम अजय था और इसी धनुष से श्री राम ने युद्ध के समय रावण का वध किया था। जिसे अहंकारी रावण पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने विजय प्राप्त की थी। कार्यक्रम के निदेशक प्रवीण सैनी एवं अशोक जिंदल द्वारा रविवार की कथा के मुख्य यजमान पवन गर्ग, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राजेंद्र बिढान, जितेंद्र चहल का क्लब की ओर से स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। पवन गर्ग ने कहा कि यह कथा जीवन में वह प्रसंग सिखा जाती है, जो आने वाले भविष्य में हर मनुष्य को धारण करना चाहिए। श्री राम से प्रेरणा लेनी चाहिए कि मनुष्य जीवन में मर्यादा होनी चाहिए, तप करना, फर्ज निभाना और यदि दुश्मन भी खुद से ज्यादा ज्ञानी हो तो उस ज्ञान अर्जित करना चाहिए तथा उसके ज्ञान का सम्मान करना चाहिए। श्री राम के चरित्र से हमें सीखना चाहिए कि जैसे श्री राम ने अपने पिता के आज्ञा का पालन कर 14 वर्ष का वनवास किया तो उससे बड़ा आज्ञाकारी कोई नहीं था। जितेंद्र चहल ने कहा कि श्री राम ने अपने भाई के लिए सब कुछ त्याग दिया और उन्हें बड़े होने के बाद भी छोटे भाई को अयोध्या का राज्य दिया। इससे प्रेरणा मिलती है कि भाई के लिए बलिदान श्रीराम से सीखना चाहिए और जब नारी शक्ति की बात आती है तो श्रीराम ने सीता माता की रक्षा के लिए रावण जैसे ज्ञानी परंतु अहंकारी राजा का वध भी किया और हनुमान जैसे सखा से मिल कर उन्होंने एक वानर सेना तैयार की। जिससे कि रावण की सेना को युद्ध में परास्त किया।

एमपी एकादश और मीडिया एकादश के बीच होगा क्रिकेट का मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन विश्व पत्रकारिता दिवस 16 नवंबर को पुलिस लाइन ग्राउंड में होगा मैच

कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में खेल और एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 16 नवंबर को पुलिस लाइन ग्राउंड में विश्व पत्रकारिता दिवस 16 नवंबर को एक रोमांचक क्रिकेट मुकाबला होगा। इस मुकाबले में सांसद नवीन जिन्दल की एमपी एकादश और मीडिया एकादश टीम आमने-सामने होंगी। एमपी एकादश में प्रशासनिक अधिकारी और नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम के सदस्य शामिल होंगे।

उपरोक्त जानकारी देते हुए कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि मीडिया एकादश की टीम के लिए कैथल जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। क्रिकेट में रुचि रखने वाले इच्छुक पत्रकार अपनी टीम बनाकर हमारे हेल्पलाइन नंबर 9896090009 पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि पत्रकार साथियों की एक से अधिक टीमें खेलने की इच्छा जाहिर करती हैं, तो सभी टीमों का मैच कराकर फाइनल टीम का चयन किया जाएगा। उन्होंने सभी पत्रकारों से अपील की है कि वे 24 अक्तूबर से पहले अपनी टीम का रजिस्ट्रेशन हेल्पलाइन नंबर 9896090009 पर कराएं। एमपी एकादश और मीडिया एकादश के बीच होने वाला यह मुकाबला मीडिया जगत और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय का संदेश भी देगा। यह मैच सोशल मीडिया पर लाइव भी किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस मैच का आनन्द उठा सकें। उन्होंने बताया कि कैथल के मीडिया साथियों की सक्रिय भागीदारी से यह मुकाबला खेल, एकता और उत्साह का यादगार आयोजन बनने की उम्मीद है।

गांव कवातरन के पूर्व सैनिक सिन्हा ने विश्व कप पॉवरलिफ्टिंग में जीते दो स्वर्ण पदक

- नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर कैथल जिले और हरियाणा का बढ़ाया मान, भारतीय सेना में 20 वर्ष तक दीं सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

हरियाणा के कैथल जिले के गांव कवातरन निवासी पूर्व सैनिक राजिंदर सिंह राज सिन्हा ने नेपाल की राजधानी काठमांडू में 9 से 12 अक्टूबर 2026 तक आयोजित विश्व कप पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। 27 देशों के खिलाड़ियों की भागीदारी वाली इस प्रतियोगिता में उनकी उपलब्धि से गांव और जिले में खुशी का माहौल है। राजिंदर सिंह राज सिन्हा भारतीय सेना में करीब 20 वर्षों तक सेवाएं दे चुके हैं। सेना में रहते हुए उन्होंने अनुशासन, मेहनत और समर्पण को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाया। सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने खेलों के प्रति अपने जुनून को बरकरार रखा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि को कड़ी मेहनत, दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर अभ्यास का परिणाम माना जा रहा है। उन्होंने साबित किया कि लगन और आत्मविश्वास के बल पर बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देती है कि अनुशासन तथा समर्पण से किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। गांव कवातरन में पले-बढ़े राजिंदर सिंह राज सिन्हा ने पहले भारतीय सेना में सेवाएं देकर देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाया और अब अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर पदक जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।



गुहला-चीका। नेपाल में आयोजित विश्व कप पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले गांव कवातरन निवासी पूर्व सैनिक राजिंदर सिंह राज सिन्हा अन्य खिलाड़ियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

राम मंदिर में दिये दान लूटने वालों को सबक जरूर सिखायेगा समाज : सांसद ब्रह्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि भगवान राम के जीवन से हम सबको एक आदर्श, मर्यादित और धार्मिक जीवन जीने की सबसे बड़ी शिक्षा मिलती है। उनका पूरा जीवन इस बात का प्रतीक है कि चाहे कितनी भी मुश्किलें आएं, इंसान को कभी भी अपने कर्तव्य, धैर्य और सच्चाई का रास्ता नहीं छोड़ना चाहिए। भगवान राम ने हमेशा अपने निजी सुखों से ऊपर अपने कर्तव्य को रखा। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने वक्तव्य प्राचीन श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी द्वारा पुरानी कचहरी रोड पर राजकीय प्राइमरी स्कूल में आयोजित रामलीला में बतौर मुख्य अतिथि कहे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के तौर पर व्यापारी नेता एवं कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राजू लखीना, गोल्डी सहित अनेको प्रबुद्ध लोग मौजूद थे। कमेटी के प्रधान दीपक शर्मा, डायरेक्टर योगेश, राम, गगन पसरिजा, श्रवण, अमित, जितेंद्र ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान दिया। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि भगवान राम की शिक्षा को सींचते हुए हम समाज को आगे बढ़ा सकते है। मगर जब स्वार्थी लोग अपने स्वार्थ में अंधे होकर राम की आड़ में राजनीतिक रोटी सेकते है तो वह समाज के लिए दुखदाई होता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में देश के लोगों ने दिल खोलकर दान दिया। किंतु जिन लोगों ने उस दान को चुराया और जिन लोगों ने संरक्षक का किरदार निभाया उनको समय आने पर निश्चित तौर पर हिसाब देना होगा। जनता का दान लुटने वालो को समाज कदापि भी माफ नहीं करेगा।



जींद। रामलीला में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे हुए सांसद सतपाल ब्रह्मचारी।

सबके लिए खुला है मां का द्वार : आचार्य पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि मां का द्वार सदा सबके लिए खुला है। चाहे कोई आधी रात को आकर मां वैष्णो का द्वार खटखटाए, वे तत्काल उसे अपने हृदय से लगाने को तैयार मिलेंगी। एक बार सच्चे हृदय से खटखटा कर तो देखो। आचार्य पवन शर्मा शनिवार की रात माता वैष्णवी धाम में आयोजित नवार्ण महायज्ञ में दुर्गासप्तमी के दिन हवन के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। केसी गुप्ता, डा. संजय शर्मा, सुशील गुप्ता, रण सिंह सैनी, नरेश कुमार ने सपरिवार मां स्कन्दमाता की पूजा अर्चना कर महायज्ञ में आहुति दी। आचार्य ने कहा कि छोटा बच्चा जब कभी भी रोकर मां को पुकारता है तो मां झट से अपनी स्नेहमयी गोद में उठा कर उसे सीने से लगा लेती है। सांसारिक मां तो किसी समय दूर रहने के कारण हो सकता है न भी सुने अथवा किसी दूसरे काम में लगी हो तो उसे पूरा करके भी आवे पर मां जगदंबा में तो ये दोनों बातें नही। क्योंकि वे सर्वशक्तिमयी जो हैं। बस शर्त यह है कि पुकार सच्ची होनी चाहिए। इस मौके पर डा. मुनीष गुप्ता, रोहित कुमार, बलदेव राज परूथी, राजबीर तंवर, विकास ग्रोवर सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।



जींद। माता वैष्णवी धाम में पूजा करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

नई अनाज मंडी से धान की बोरियां चोरी

कैथल। कैथल के जाखौली अड्डा स्थित नई अनाज मंडी में धान से भरी बोरियां चोरी करने का मामला सामने आया है। दो चोरों द्वारा मंडी के गेट नंबर पांच के पास से बोरियों के ढेर से धान की फसल चोरी की गई। इसका एक सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें दो चोर धान की बोरी उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि दो युवक बाइक पर सवार होकर मंडी में पहुंचते हैं। वे अपनी बाइक को धान की बोरियों के ढेर के पास रोक लेते हैं। पास में कोई व्यक्ति दिखाई नहीं देता तो वे ढेर से एक बोरी उठाते हैं और उसे अपनी बाइक पर लादकर फरार हो जाते हैं। मंडी में हो रही चोरियों की वारदातों पर किसानों ने रोष जताया है। भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर के कन्वीनर होशियार गिल प्योदा ने वीडियो जारी करते हुए इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

कवायद | फसल खरीद एवं उठान प्रक्रिया की ली जानकारी, दिए दिशा-निर्देश

अधिकारी तालमेल बनाकर करें काम समस्याओं को यथाशीघ्र करवाएं निपटान

हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन ने किया सफीदों की अनाज मंडी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों की अनाज मंडी में किसानों की फसल खरीद, उठान और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन मोहनलाल बड़ौली ने अनाज मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से फसल बिक्री, खरीद प्रक्रिया, मंडी में फसल के उठान तथा किसानों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन मोहनलाल बड़ौली ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में फसल खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित रखा जाए ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए खरीद से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने अधिकारियों से मंडी में पहुंच रही फसल, उसकी खरीद, निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उठान तथा संबंधित रिकार्ड के रखरखाव के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि खरीदी गई फसल का उठान समय पर करवाया जाए ताकि मंडी परिसर में फसल का अनावश्यक जमाव न हो और किसानों को अपनी उपज मंडी में लाने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध रहे। चेयरमैन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए खरीद एवं उठान प्रक्रिया पर लगातार निगरानी रखें। मंडी में किसानों के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर उसका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत से तैयार हुई फसल का सुचारू रूप से बिक्री होना और समय पर उसका उठान सुनिश्चित करना संबंधित विभागों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसलिए सभी अधिकारी पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि किसानों को मंडी में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर उनके साथ बीजेपी जिला अध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, अमरपाल राणा, श्रवण गर्ग, विजयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



जींद। अनाज मंडी में खरीद का जायजा लेते हुए चेयरमैन मोहनलाल बडौली। फोटो : हरिभूमि

- किसानों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के बारे में पूछा

भारत-चीन युद्ध के शहीदों की चिताओं पर लगेंगे मेले: जगजीत फौजी

कैथल। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के सौजन्य से जिला कैथल के भारत चीन युद्ध 1962 में अक्टूबर मास में हुए सर्वोच्च बलिदानियों के बारे जानकारी देते हुए एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि, बलिदान दिवस 20 अक्टूबर 2026 मंगलवार प्रातः 9:30 बजे शहीद सिपाही मिठिया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाना के प्रांगण में विजय दशमी के दिन अमर शहीद सिपाही मिठिया पांच जाट रेजीमेंट के स्मारक पर जोड़ मेले का आयोजन किया जाएगा। 21 अक्टूबर बुधवार 9:30 बजे द्वितीय राजपूत रेजीमेंट के दो अमर शहीदों इस में अमर शहीद सिपाही जिले सिंह क्योड़क का, शहीद सिपाही जिले सिंह राजकीय प्राथमिक पाठशाला क्योडक एवं 10:30 बजे अमर शहीद बलदेव सिंह मलिक पुर का शहीद सिपाही राजकीय मिडिल स्कूल मलिकपुर के प्रांगण में उनके स्मारकों पर जोड़ मेला लगेगा।